Model Paper

Time: 2:30 Hrs. **Class 8th** **M.M. 75**

Subject- HINDI

Name of student___________ Sign of Invigilator _________

नोट: सभी प्रश्न करने अनिवार्य है ।प्रश्नों के सम्मुख उनके निर्धारित अंक अंकित है ।

प्रश्न 1: निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

वीर पुरुष का शरीर कुदरत की समस्त ताकतों का भण्डार है। कुदरत का यह केन्द्र हिल नही सकता । सूर्य का चक्कर हिल जाये तो हिल जाये परन्तु वीर के दिल में जो दैवीय केंद्र है ,वह अचल है । कुदरत की नीति चाहे विकसित होकर अपने बल को नष्ट करने की हो मगर वीरों की नीति ,बल को हर तरह से इकट्ठा करने और बढ़ाने की होती है । वह वीर क्या , जो टीन के बर्तन की तरह झट से गर्म और ठंडा हो जाता है । विजय वहीं होती है जहाँ पवित्रता और प्रेम है। दुनिया धर्म और अटल आध्यात्मिक नियमों पर खड़ी है। जो अपने आप को उन नियमों के साथ अभिन्न करके रहता है , उसी की विजय होती है ।

8

(अ) उपरोक्त गद्यांश के लेखक तथा पाठ का नाम लिखिए ।

(ब) लेखक के अनुसार दुनिया किस पर खडी है ?

(स) वीर पुरुष का शरीर किसका भण्डार है ?

(घ) आजाद , गुलाम और कुदरत उर्दू के शब्द है ; हिन्दी में इनके समानार्थी शब्द लिखिए।

प्रश्न 2: निम्नलिखित पंक्तियों का सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए । 5

बच्चे और पेड़ दुनिया को हरा-भरा रखते हैं
नहीं समझते जो, वे दुष्कर्मो का फल चखते है,
आज सभ्यता वहशी बन, पेड़ो को काट रही है
ज़हर फेफड़ों में भर , इंसानों को बाँट रही है ।

अथवा

कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय ।
या खाए बौराए जग वा पाये बौराए । ।

प्रश्न 3: निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार का का उत्तर लिखिए।

10 (क) 'भोला एक ही डाँट से मुखबिर हो गया '। इस वाक्य का क्या तात्पर्य है?

(ख) सच्चे वीर पुरुष में कौन-कौन से गुण होते है?

(ग) बच्चे और पेड़ संसार को हरा भरा किस प्रकार रखते हैं ?

(घ) धतूरे की अपेक्षा सोने को अधिक मादक क्यों कहा गया है ?

(ङ) लेखिका क्यों चाहती थीं लखनऊ का युवक उनकी पंक्तियाँ पढ़े?

(च) गृहस्वामी के अनुसार जूलिया के कारण क्या-क्या नुकसान हुआ था?

प्रश्न 4: (क)निम्नलिखित श्लोक का हिन्दी अनुवाद कीजिए। 4

ईशं विश्व-निदानं वन्दे
निगम-गीत-गुण-गानं वन्दे ।
परितो वितत-वितानं वन्दे
शोभा- शक्ति- निधानं वन्दे।।

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए। 3 (अ) राजा सिन्धुल: कुत्र राज्यम् अकरोत् ? (ब) कस्य सत्संगति न करिष्यामि?

प्रश्न 5 : निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं चार का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए | 8

मुखबिर, काफिर , तिरस्कार , कुदरत , जलाशय , परिवेश ।

प्रश्न 6: निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर अपनी सहायक पुस्तक महान व्यक्तित्व के आधार पर लिखिए | 6

(क) महाकवि कालिदास की पत्नी का क्या नाम था ?

(ख) सावित्री कौन थी ? उनका विवाह किससे हुआ था ?

(ग) भरत कौन थे ?

(घ) भरत ने अयोध्या का राज्य क्यों ठुकरा दिया ?

प्रश्न 7: (क) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए | 6

(i) जो बुद्धि वाला हो । (ii) जिस का स्वर्गवास हो गया हो ।

(iii)जो अपने मन को एकाग्र रखता हो ।   (iv)वह स्थान जहां जाया न जा सके।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए| 4

(i) रहस्य खोलना   (ii)नौ दो ग्यारह होना   (iii)रंग चढ़ना

(ग) नीचे लिखे शब्दों में 'त्व' प्रत्यय जोड़कर नये शब्द बनाइए –   4

महत् , प्रभुत्व ,तत् , वीर ।

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार का हिंदी में समानार्थी शब्द लिखिए | 4

शिकस्त , बादशाह , फौज , दरिया, सूरज ।

(ड़) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं चार शब्दों का विलोम लिखिए ।   4

उपस्थित, उदार , स्थाई , जय , आवश्यक , सम्भव ।

(च) अनुप्रास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।   3

प्रश्न 8: निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों का निबंध लिखिए| 6

(i)कोरोना महामारी का शिक्षा पर प्रभाव

(ii) पर्यावरण प्रदूषण

(iii)स्वतंत्रता दिवस

(iv)अनुशासन का महत्व